उम्मीद

उस खुदा ने भी इस दिल में क्या चीज बनाई उम्मीद।
एक अहसास, जो ला देता है मंजिल को कितना करीब।।
उस खुदा ने – – – – –
अंधेरे में एक रोशनी की किरण है उम्मीद,
अन्जान राह पर एक हमसफर है उम्मीद।
एक टूटे, तो दिल एक और सजा लेता है उम्मीद,
अपने होते पराये, पर न साथ छोड़ती है उम्मीद।।
उस खुदा ने – – – – –
किसी के दिल में है, एक दिन अपने प्यार को पाने की उम्मीद,
किसी के दिल में है, गमों से दूर एक आशियां बसाने की उम्मीद।
तो कोई लगा रहा होता है, किसी और ही मंजिल की उम्मीद,
मरते दम तक रहती है दिल में, दो लम्हे और जीने की उम्मीद।।
उस खुदा ने – – – – –